प्रादेशिक समाचार
11.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री 15 सितंबर को जमशेदपुर से पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों की अगली किस्त करेंगे जारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– इस दशक के अंत तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 500 बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का है लक्ष्य, 60 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार।

3. जमीन घोटाला मामले में रांची के बड़गांईं के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार और शैलेश कुमार के हजारीबाग, गिरिडीह, चाईबासा और रांची स्थित ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी जारी।

4. झारखंड उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामलों पर सुनवाई के दौरान नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव, डीजीपी और रांची उपायुक्त को किया तलब।

5. एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने मलेशिया को आठ एक से हराकर सेमिफाइल में किया प्रवेश।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 15 तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस मौके पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज गोपाल मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्रीमुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर झारखंड के विकास पर है और वह जमशेदपुर से देशभर के गरीब और आम लोगों के लिए आवास सहित कई योजनाओं की सौगात देंगे।

इधर सरायकेला खरसावां में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें जिले से बीस हजार कार्यकर्ताओं को जमशेदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस दशक के अंत तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 500 बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे 60 लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा। श्रीमोदी आज उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप से लैस किया जा सके।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि देश इसके गुणक प्रभाव को देख रहा है।

****

रांची के बड़गाईं जमीन घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज बड़गांई के तत्कालीन अंचल अधिकारी मनोज कुमार और शैलेश कुमार के वर्तमान पदस्थापन दफ्तर और आवास समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की है। इसे लेकर एसीबी की टीम रांची, हजारीबाग, गिरिडीह और चाईबासा में छापेमारी कर रही है। शैलेश कुमार वर्तमान में हजारीबाग सदर के एसडीओ हैं। जबकि मनोज कुमार चाईबासा के नोवामुंडी में अंचल अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि हजारीबाग में एसडीओ कार्यालय और एसडीओ शैलेश कुमार के आवास के पास सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

उधर गिरिडीह में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी उदय शंकर प्रसाद के ठिकानों पर भी एसीबी की छापेमारी चल रही है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर आज राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संभावित उम्मीदवारों के नाम को लेकर रायशुमारी की गई। जमशेदपुर, सरायकेला समेत सभी विधानसभा क्षेत्र में अलग–अलग स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से उम्मीदवारों का नाम पूछा गया है।

****

राष्ट्रीय जनता दल–आरजेडी ने झारखंड विधानसभा चुनाव, इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। यह फैसला झारखंड के पार्टी प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव की अध्यक्षता में रांची में हुई पार्टी नेताओं की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद श्रीयादव ने कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन का एक प्रमुख सहयोगी दल है, इसलिए पार्टी राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर समझौता करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे का फार्मूला जल्द ही तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने सीटों और उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है, जिसे पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के पास भेजा जाएगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में महिलाओं और बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव, डीजीपी और रांची के उपायुक्त को हाजिर होने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी। उसी दिन सभी को सशरीर कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

****

साहिबगंज में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

****

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्यभर में मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

भारत एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गया है। चीन के हुलुनबुइर में आज खेले गये मैच में पिछले विजेता भारत ने मलेशिया को 8–1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अंतिम चार में जगह बनाई। भारत के लिए राजकुमार पाल ने गोल की हैट्रिक लगाई।

*******समाप्त*******